98 ... value 217,600/= P.S Madhupur 93

भारतीय गैर न्यायिक

पाँच रुपये FIVE RUPEES

रु.5 Rs.5

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

झारखण्ड JHARKHAND

2.38 Dec

03AA 917906

Stamp 5=00

Sanjeeda Khatoon 25/4/19

21

निबंधन पदाधिकारी

## बिक्रय पत्र

**बिक्रेता :– संजीदा खातुन,** पति स्वर्गीय मो0 शकिल जाफरी, जाति कलाल(इराकी), पेशा गृहिणी,साकिनें केलाबगान, मधुपुर, थाना मधुपुर,सबडिविजन व सबरजिष्ट्री ऑफिस मधुपुर, जिला निबंधन कार्यालय व जिला देवघर, वर्तमान पता अलफलाह कॉलोनी मंडई कला,जिला हजारीबाग राज्य–झारखण्ड, राष्ट्रीयता :–भारतीय। आधार कार्ड व पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न।

**क्रेता:–आस्बारी खातुन** पति आमिर खान, जाति पैठान, पेशा गृहिणी, साकिन ग्राम करंजो, थाना करों, सबडिविजन व सबरजिष्ट्री ऑफिस मधुपुर, जिला निबंधन कार्यालय व जिला देवघर, राज्य–झारखण्ड, राष्ट्रीयता:–भारतीय। आधार कार्ड व पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न।

दस्तावेज जाँच किया
A.K. Chaudhary
लिपिक
25-4-2015

25-4-19

झारखण्ड सरकार राजस्व ... सुधार विभाग के ज्ञापांक ... दिनांक ...

Sanjeeda Khatoon
25/4/19

लेख्य प्रकार :–बिक्रय पत्र।

सम्पत्ति की कीमत :–कुल 5,20,000/–पाँच लाख बीस हजार रुपये मात्र।

बिक्रीत सम्पत्ति का विवरण :–निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है।

विदित हो कि जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर, सबडिविजन, सबरजिष्ट्री देवघर, हाल सबडिविजन मधुपुर, थाना मधुपुर, तालुक पाथरोल, सामील मौजा पथरचपटी न0 271 के अन्दर बसौड़ी सत्व की जमीन, रकवा स्थानीय माप से कम –बेसी10(दस) कटठा, के अंदर थोका नं0–99,अंदर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 04,को श्रीमती माधुरी सर्वाधिकारी वगैरह से दिनांक 29/08/1982 ईस्वी में निबंधन कार्यालय कलकता से निबंधित एक कीता बिक्रय पत्र संख्या 7782 वर्ष 1982 ईस्वी के द्वारा, मोहम्मद महबुब आलम व मोहम्मद मोहसिन के पास बिक्री कर दिया।

उपर्युक्त मोहम्मद महबुब व मोहम्मद मोहसिन नें उक्त खरिदगी सम्पत्ति पर दखल कब्जा लेकर निर्विवाद रूप से दखलकार रहते हुए दिनांक–16/07/1984 ईस्वी में निबंधन कार्यालय देवघर से निबंधित एक किता बिक्रय पत्र पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 21, पृष्ठ संख्या 126 से 130 में निबंधित जिसकी संख्या 2956 वर्ष 1984 ईस्वी के द्वारा, रकवा 2 दो कटठा यानी 2250 वर्गफीट, अंदर थोका नं0–99, अंदर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड नं0–04, बमोजीव उक्त दस्तावेज के संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश मार्क "ए"कुल हक हकुक, जैबुन निशा के पास बिक्री कर दिया।

उपर्युक्त जैबुन निशा उक्त खदिगी सम्पत्ति पर दखल कब्जा लेकर तथा अंचल कार्यालय मधुपुर में अपना दर्ज करवाकर थोका नं0–99/9 के बावत सालाना खजाना आदाय करती हुई अपने पीछे दो पुत्र मंसुर आलम व सकील जाफरी को छोड़कर स्वर्गवास कर गयी, खजाना रसीद की छायाप्रति संलग्न।

उपर्युत मंसुर आलम व सकील जाफरी वारिस सुत्र से प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति के मालिक होकर निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार रहते हुए दिनांक 23/12/2013 ईस्वी में एक कीता आपसी बंटवारा कर लेने पर उक्त सम्पत्ति के अंदर रकवा 1040वर्गफीट, थोका नं0 99, अंदर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड नं0–04, बमोजीव बंटवारा के संलग्न नक्शा में मार्क "बी" मय कुल हक हकूक, उपर्युक्त सकील जाफरी के हिस्से में मिली।

Sanjeeda Khatoon
25/4/19

उपर्युक्त सकील जाफरी अपने हिस्से की सम्पत्ति पर अलग रूप से दखलकार लेकर निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार हुए।

उपर्युक्त सकील जाफरी उक्त सम्पति पर निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार रहते हुए अपने जीवन काल में ही उक्त अपने हिस्से की सम्पत्ति को अपनी पत्नी उपर्युक्त मुझ बिक्रेता संजीदा खातुन को देन मोहर में दे दिये।

उपर्युक्त संजीदा खातुन उक्त देन मोहर से प्राप्त सम्पत्ति पर दखल काब्जा लेकर तथा अंचल कार्यालय मधुपुर में अपना नाम दर्ज करवाकर थोका नं0–99/9 के बावत सालाना खजाना आदाय करते हुए बहैसियत पूर्ण मालकिन आजतक निर्विवाद रूप से भोगवती व दखलकारीणी हूँ। **खजाना रसीद की छायाप्रति संलग्न।**

अंचल कार्यालय मधुपुर से निर्गत भूमि संबंधित प्रतिवेदन संख्या **28/रा0** दिनांक 08/02/2019 की प्रति संलग्न।

अभी मुझ बिक्रेता को अपने आवश्यक जरूरी सांसारिक खर्च के लिये रूपये की सख्त जरूरत है, इसलिए उक्त देन मोहर में प्राप्त सम्पत्ति रकवा 1040(एक हजार चालीस) वर्गफीट जिसका पूर्ण विवरण निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है, को बिक्री करने को ऐलान किया।

आप क्रेता, इसे अभी के बाजार भाव की दर से अधिकतम कीमत पर खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर उभय पक्षों की मंजुरी से इसकी कीमत कुल 5,20,000/– पाँच लाख बीस हजार रूपये कायम हुए।

अतएव आज तारीख मैं बिक्रेता, आप क्रेता से कीमत के कुल 5,20,000/– पाँच लाख बीस हजार रूपये(पावती रसीद के अनुसार) लेकर निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित सम्पत्ति जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकुक, आप क्रेता के पास बिक्री कर दिया और आपके दखल कब्जे में दे दिया।

अब आप क्रेता, मुझ बिक्रेता के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारिणी होकर मय अपने उत्तराधिकारी मय वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण क्रम से भोग, दखल, दान बिक्री, मौरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व हस्तान्तरण आदि करने के अधिकारी होकर स्वेच्छा पुर्वक भोग दखल करते रहें, इसमें मुझ बिक्रेता मय वारिसान को किसी

Samjeeda Khatoon
25/4/19

की [illegible] की [illegible] आपत्ति नहीं होगी न कोई दावा चलेगा। अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

निम्न बिक्रीत सम्पत्ति की मैं बिक्रेता ही एकमात्र मालिक हूँ, इसमें दूसरा कोई अंशदार या दखलकार नहीं है, व इसके पहले निम्न सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय संयुक्त या हस्तान्तरण आदि नहीं किया हूँ, हर तरह से व हर तरफ से साफ व पाक है।

निम्न बिक्रीत सम्पत्ति के संबंध में अगर भविष्य में, मुझ बिक्रेता मय वारिसान को कुछ लिखना या करना पड़ेगा तो ऐसी स्थिति में आप क्रेता मय वारिसान के अनुरोध व खर्च से वैसा लिखने व करने को तैयार रहूँगा।

अतएव आज तारीख में बिक्रेता स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दबाव या बहकावे के कीमत के कुल रूपये लेकर यह बिक्रय पत्र लिख दिया जो प्रमाण रहे, दिनांक

अनुसूची सम्पत्ति

थाना नं0–271, जिला देवघर, जिला निबंधन कार्यालय देवघर, सबडिविजन, सबरजिष्ट्री व थाना मधुपुर, सामिल मौजा पथरचपटी के अन्दर असर्वेक्षित बसौड़ी सत्व की हस्तांताणीय जमीन रकवा 1,040 वर्गफीट (एक हजार चालीस वर्गफीट) यानि 2•38 डिसमिल, अन्दर बसौड़ी महाल टाउन "क" अन्दर थोका नं0–99/9, अंदर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड नं0–04, नया 20, जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा मार्क "बी" मे दिखाया गया है, मय कुल हक हकूक बिक्री किया जिसकी चौहद्दी :–

उत्तर :– म्युनिसिपल रोड।

दक्षिण :– मो0 लुकमान की जमीन।


पुरब :– 03'–00" फीट चौड़ा प्रस्तावित गली।

पश्चिम :– मंसुर आलम के हिस्से की सम्पत्ति मार्क "ए"

Sajeeda Khatoon
25/4/19

**घोषणा** :–उक्त बिक्रीत सम्पत्ति अन्य सड़क में है जो आवासीय है, तथा लीज से मुक्त है। निर्धारित मूल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया है। उक्त बिक्रीत सम्पत्ति सरकारी भूमि केशरे हिन्द भूमि/गैरमजरूआ आम भूमि/गैरमजरूआ खास भूमि/बन भूमि/जंगल आदि /विभिन्न विभागों के अर्जित/हस्तान्तरित तथा अन्य श्रेणी की सरकारी भूमि आदि) के अर्न्तगत नहीं है। उक्त बिक्रीत सम्पत्ति गोचर, भूहदबन्दी, आदिवासी खाते की नहीं है व कब्रिस्तान, दरगाह या अन्य धार्मिक स्थल की नहीं है तथा चारागाह के अर्न्तगत भी नहीं है।

**गवाहान**

(1) 

A. K. Yadav
25/4/19

Abdul Hafue
S/o Late Abdul Motallib
Khalasi Mohalla,
P.O. & P.S. Madhupur
Distt.- Deoghar
JHARKHAND
25/4/19

(2) Rashid Qamar
Md. Qamruddin
Pather chapti
Madhupur
25/4/19

Sanjeeda Khatoon
25/4/19

बिकेता का छायाचित्र, हस्ताक्षर एवं टीप निशान----



Attested by me
A.K. Pandey
25/4/19

Sanjeeda Khatoon.

केता का छायाचित्र, हस्ताक्षर एवं टीप निशान----



Attested by me
A.K. Pandey
25/4/19


अख्तरी खातून

दस्तावेज पढ़कर फरीकैन को सुना व समझा दिया, प्रारूप कर्ता A.K. Pandey

प्रमाणित किया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति जिनका छायाचित्र दस्तावेज में लगा है, के बॉये हाथ के अंगूलियों के निशान मेरे द्वारा लिया गया है A.K. Pandey 25/4/19

MOUZA: PATHARCHAPTI No. 271, P.S-MADHUPUR, DIST.-DEOGHAR WITHIN MADHUPUR MUNICIPAL WARD No. 20, THOKA No. 99/9, AREA: [illegible] MORE OR LESS, SHOWN IN RED COLOUR BELONGS TO SANJEEDA KHATOON W/O LATE MD. SHAKIL JAFFREY R/O- KELA BAGAN, MADHUPUR, DIST.-DEOGHAR.

NOW SOLD TO ASBARI KHATUN W/O AMIR KHAN R/O- MAHUWATAND, KARANJO, P.S.- KARON, DIST.- DEOGHAR.




Sanjeeda Khatoon
25/4/19

Traced by
P.K. Nandan
Amin.

7